Series ЄFGHE/C

Set-4

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **69**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)
# HOME SCIENCE (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **70***

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **19** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **35** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका सख्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***35*** *प्रश्न हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न-पत्र को* ***तीन*** *खण्डों में विभाजित किया गया है —* ***खण्ड क, ख*** *तथा* ***ग*** *।*

*(iv)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***18*** *(बहुविकल्पीय प्रश्न) हैं और प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

*(v)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***19*** *से* ***25*** *प्रत्येक 2 अंक के तथा प्रश्न संख्या* ***26*** *से* ***29*** *प्रत्येक 3 अंक के हैं ।*

*(vi)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***30*** *से* ***33*** *प्रत्येक 4 अंक के तथा प्रश्न संख्या* ***34*** *और* ***35*** *प्रत्येक 5 अंक के हैं ।*

*(vii)* *कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

*(viii)* *जहाँ भी आवश्यक हो, उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तरों का समर्थन कीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** रेड रिबन एक्सप्रेस (आर.आर.ई.) किस रोग के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए देशव्यापी अभियान था ? *1*

(a) क्षय रोग (b) पोलियो

(c) एड्स (d) अतिसार

**2.** भारत सरकार की ________ योजना में बालिकाओं की स्कूली शिक्षा में प्रवेश स्तर की तैयारी के लिए ब्रिज कोर्स (सेतु पाठ्यक्रम) का अध्ययन कराया जाता है । *1*

(a) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

(b) कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय

(c) लाडली योजना

(d) सुकन्या समृद्धि योजना

**3.** __________ होटल में अतिथियों के आगमन पर उनका स्वागत करता है तथा उन्हें पंजीकरण डेस्क तक पहुँचाता है । *1*

(a) बेल-बॉय (b) बेल कप्तान

(c) दरबान (d) प्रतीक्षा कक्ष (लॉबी) प्रबंधक

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and strictly follow them :*

*(i)* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *This question paper contains* ***35*** *questions.*

*(iii)* *The question paper is divided into* ***three*** *sections –* ***Section A, B*** *and* ***C****.*

*(iv)* ***Section A*** *has questions no.* ***1*** *to* ***18*** *(Multiple Choice Questions) of 1 mark each.*

*(v)* ***Section B*** *has questions no.* ***19*** *to* ***25*** *of 2 marks each and questions no.* ***26*** *to* ***29*** *of 3 marks each.*

*(vi)* ***Section C*** *has questions no.* ***30*** *to* ***33*** *of 4 marks each and questions no.* ***34*** *and* ***35*** *of 5 marks each.*

*(vii)* *Internal choices are given in some questions.*

*(viii)* *Support your answers with suitable examples wherever required.*

## Section A

**1.** Red Ribbon Express (RRE) was a nationwide campaign for generating awareness about which disease ? *1*

(a) Tuberculosis (b) Polio

(c) AIDS (d) Diarrhoea

**2.** In __________ scheme of the Government of India, girls are enrolled for a bridge course preparing them for entry into school education. *1*

(a) Beti Bachao, Beti Padao

(b) Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya

(c) Ladli scheme

(d) Sukanya Samriddhi Yojana

**3.** _________ welcomes guests in a hotel upon their arrival and escorts them to the registration desk. *1*

(a) Bell-boy (b) Bell Captain

(c) Doorman (d) Lobby Manager

**4.** निर्धन महिलाओं को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण देने के लिए समुदाय शिक्षण केन्द्र किस संस्था अथवा परियोजना के अंतर्गत स्थापित किए गए ? *1*

(a) छतेरा ग्राम परियोजना (b) सेवा

(c) नाको (d) यूनिसेफ

**5.** दृश्य व्यापार डिज़ाइनर किसके लिए ज़िम्मेदार होता है ? *1*

(a) कपड़ों और परिधानों की रचना करना

(b) चलचित्रों के लिए आवश्यक डिज़ाइन की रचना करना

(c) दुकानों में सामान व्यवस्था, पुतलों को आकर्षक ढंग से सजाना

(d) क्रय और विक्रय

**6.** दिए गए चित्र में हस्तशिल्प को पहचानिए और उस राज्य का नाम बताइए जहाँ यह लोकप्रिय है । *1*



(a) कर्नाटक की चन्नपटन की मूर्तियाँ (b) राजस्थान का कठपुतली शिल्प

(c) आसाम का बाँस शिल्प (d) केरल का नारियल शिल्प

*निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्र.सं.* ***6*** *के स्थान पर है ।*

ओडिशा के प्रमुख हस्तशिल्प का नाम बताइए ।

(a) शोला शिल्प (b) कशीदाकारी

(c) पत्थर की मूर्तिकला (d) वार्ली चित्रकला

4. Community Learning Centers were set up to impart ICT learning to poor women through which organization or project ? *1*

(a) Project village Chhatera (b) SEWA

(c) NACO (d) UNICEF

5. Visual Merchandise Designer is responsible for : *1*


(a) Creating designs for clothing and apparel

(b) Conceptualising designs needed for movies

(c) Arranging store merchandise and styling mannequins

(d) Sale and purchase

6. Identify the handicraft in the given picture and name the State where it is popular. *1*



(a) Channapatna dolls of Karnataka (b) Puppets of Rajasthan

(c) Bamboo craft of Assam (d) Coconut craft of Kerala

*The following question is for the **Visually Impaired Candidates,** only in lieu of Q. No **6** :*

Name the famous handicraft of Odisha.

(a) Shola craft (b) Embroidery

(c) Stone sculpture (d) Warli painting

**7.** 'चॉइस' किस देश के उपभोक्ता संघ का प्रकाशन है ? *1*

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) यूनाइटेड किंगडम

(c) भारत (d) ऑस्ट्रेलिया

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा सफल उद्यमियों का लक्षण ***नहीं*** है ? *1*

(a) लचीलापन (b) सीखने की इच्छा

(c) जोखिम नहीं उठाना (d) अच्छे संप्रेषण कौशल

**9.** निम्नलिखित का मिलान कीजिए : *1*

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | क्रेच / शिशु केंद्र | 1. | जन्म से लेकर आठ वर्ष |
| ii. | आँगनवाड़ी | 2. | 2 से 3 वर्ष |
| iii. | टॉडलर | 3. | बच्चों की वैकल्पिक देखभाल |
| iv. | प्रारंभिक बाल्यावस्था | 4. | आई.सी.डी.एस. |

सही विकल्प चुनिए :

(a) i – 2, ii – 3, iii – 4, iv – 1

(b) i – 3, ii – 4, iii – 2, iv – 1

(c) i – 1, ii – 4, iii – 2, iv – 3

(d) i – 4, ii – 1, iii – 3, iv – 2

**10.** निम्नलिखित का मिलान कीजिए : *1*

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | हॉलमार्क | 1. | रेशमी साड़ी |
| ii. | वूलमार्क | 2. | सोना व चाँदी के आभूषण |
| iii. | आई.एस.आई. मार्क | 3. | कम्बल |
| iv. | सिल्क मार्क | 4. | विद्युत उपकरण |

सही विकल्प चुनिए :

(a) i – 2, ii – 1, iii – 4, iv – 3

(b) i – 1, ii – 4, iii – 2, iv – 3

(c) i – 3, ii – 4, iii – 2, iv – 1

(d) i – 2, ii – 3, iii – 4, iv – 1

**7.** 'Choice' is a publication of which country's consumer organisation ? *1*

(a) United States of America (b) United Kingdom

(c) India (d) Australia

**8.** Which of the following is ***not*** a characteristic of successful entrepreneurs ? *1*

(a) Flexibility (b) Willingness to learn

(c) Not taking risk (d) Good communication skills

**9.** Match the following : *1*

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | Creche | 1. | Birth till 8 years |
| ii. | Anganwadis | 2. | 2 to 3 years |
| iii. | Toddler | 3. | Substitute child care |
| iv. | Early Childhood | 4. | ICDS |

Choose the correct option :

(a) i – 2, ii – 3, iii – 4, iv – 1

(b) i – 3, ii – 4, iii – 2, iv – 1

(c) i – 1, ii – 4, iii – 2, iv – 3

(d) i – 4, ii – 1, iii – 3, iv – 2

**10.** Match the following : *1*

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | Hallmark | 1. | Silk saree |
| ii. | Woolmark | 2. | Gold and silver jewellery |
| iii. | ISI mark | 3. | Blanket |
| iv. | Silk mark | 4. | Electrical goods |

Choose the correct option :

(a) i – 2, ii – 1, iii – 4, iv – 3

(b) i – 1, ii – 4, iii – 2, iv – 3

(c) i – 3, ii – 4, iii – 2, iv – 1

(d) i – 2, ii – 3, iii – 4, iv – 1

**11.** एक फ्रॉक में 'दोहराना' निम्नलिखित में से किन तरीकों द्वारा प्राप्त किया जा सकता है ? *1*

(i) बटनों के आकार में क्रमिक वृद्धि द्वारा

(ii) गले व बाहों पर कशीदाकारी के प्रयोग द्वारा

(iii) कॉलर, जेबों तथा निचले किनारों पर लेस के प्रयोग द्वारा

(iv) मध्य में बड़े पैच के प्रयोग द्वारा

सही विकल्प चुनिए :

(a) (i) और (ii) (b) (ii) और (iii)

(c) (iii) और (iv) (d) (i) और (iv)

**12.** नोरा क्यूब्राल के अनुसार 'विकास संचार' शब्द का अर्थ है : *1*

(i) कला एवं मानवीय संचार का विज्ञान

(ii) मस्तिष्क और शरीर की शुद्धता सुनिश्चित करना

(iii) अभावग्रस्त समाज के विकास की गति को तीव्र करना

(iv) समुदाय के विकास को बाधित करना

सही विकल्प चुनिए :

(a) (ii) और (iv) (b) (i) और (iv)

(c) (i) और (iii) (d) (ii) और (iii)

**13.** श्रीमति रेखा की लंबाई कम तथा वज़न अधिक है । वह अपने कुर्ते के लिए कपड़ा खरीदना चाहती हैं । नीचे दिए गए विकल्पों में से वस्त्र का उचित डिज़ाइन चुनने में उनकी सहायता कीजिए । *1*

(i) बड़ी गोल वक्र रेखाएँ

(ii) क्षैतिज रेखाएँ

(iii) छोटी कलाकृतियाँ अथवा छपाई

(iv) ऊर्ध्वाधर रेखाएँ

सही विकल्प चुनिए :

(a) (i) और (ii) (b) (ii) और (iv)

(c) (ii) और (iii) (d) (iii) और (iv)

**11.** Repetition in a frock can be achieved by which of the following ways ? *1*

(i) Gradually increasing the size of buttons

(ii) Use of embroidery at neckline and sleeves

(iii) Use of lace at collars, pockets and hemline

(iv) Use of a big patch in the centre

Choose the correct option :

(a) (i) and (ii) (b) (ii) and (iii)

(c) (iii) and (iv) (d) (i) and (iv)

**12.** As per Nora Quebral, the term 'Development Communication' means : *1*

(i) Art and science of human communication

(ii) Ensuring purity of mind and body

(iii) Facilitating development of disadvantaged society

(iv) Hindering development of community

Choose the correct option :

(a) (ii) and (iv) (b) (i) and (iv)

(c) (i) and (iii) (d) (ii) and (iii)

**13.** Mrs. Rekha has short height and is overweight. She wants to purchase fabric for her kurta. Help her in choosing suitable fabric design from the given options. *1*

(i) Large rounded curved lines

(ii) Horizontal lines

(iii) Small motifs or prints

(iv) Vertical lines

Choose the correct option :

(a) (i) and (ii) (b) (ii) and (iv)

(c) (ii) and (iii) (d) (iii) and (iv)

## केस स्टडी-आधारित प्रश्न

*अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न संख्या **14** से **18** तक के उत्तर दीजिए ।*

खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता घरेलू स्तर पर महत्त्वपूर्ण हैं, परंतु बड़े पैमाने पर खाद्य उत्पादन और संसाधन, यहाँ तक कि जहाँ ताज़ा भोजन बनाया और परोसा जाता है, वहाँ यह स्थिति गंभीर होती है । पुराने समय में बहुत से खाद्य पदार्थ घरेलू स्तर पर संसाधित किए जाते थे और उनकी शुद्धता चिंता का विषय नहीं होती थी । प्रौद्योगिकी और संसाधन में प्रगति, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि और बेहतर क्रय क्षमता के साथ-साथ उपभोक्ता की बढ़ती माँग के कारण कई प्रकार के खाद्य उत्पादों का बड़े पैमाने पर निर्माण हो रहा है जैसे – संसाधित खाद्य पदार्थ, स्वास्थ्य के लिए खाद्य/व्यावहारिक खाद्य पदार्थ । ऐसे खाद्य पदार्थों की सुरक्षा के आकलन की आवश्यकता होती है ।

कच्चे और पकाए गए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का संबंध जन स्वास्थ्य से होता है और इस पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है । पिछले दशक में, पूरे विश्व के साथ-साथ भारत में भी सुरक्षा चुनौतियाँ काफ़ी बदल गई हैं और खाद्य गुणवत्ता तथा खाद्य सुरक्षा से संबंधित मामलों को अत्यधिक महत्त्व मिला है ।

**14.** यह आश्वासन कि भोजन मानव उपभोग के लिए स्वीकार्य है, __________ कहलाता है । *1*

(a) खाद्य सुरक्षा (b) खाद्य मानक

(c) खाद्य विषाक्तता (d) खाद्य मूल्य

**15.** बाज़ार में संसाधित खाद्य पदार्थों की बढ़ती उपलब्धता के लिए कौन-से कारण सहायक ***नहीं*** हैं ? *1*

(i) अधिक प्रति व्यक्ति आय

(ii) अपमिश्रण

(iii) घटती उपभोक्ता माँग

(iv) उच्च मृत्यु दर

(v) खाद्य प्रौद्योगिकी में प्रगति

सही विकल्प चुनिए :

(a) (i), (ii), (iv) (b) (ii), (iii), (v)

(c) (i), (iii), (v) (d) (ii), (iii), (iv)

## Case Study-Based Questions

*Read the passage carefully and answer questions no. **14** to **18**.*

Food safety and quality are important at the home level, but are critical in large scale food production and processing, and also where food is freshly prepared and served. In the past, many foods were processed at home and their purity was not a concern. Advancement in technology and processing, larger per capita income and better purchasing power as well as increased consumer demands have led to a variety of products of processed foods, food for health / functional foods being manufactured. Safety of such foods needs to be assessed.

Quality of food stuff, raw as well as processed is of public health concern and must be addressed. In the past decade, safety challenges faced globally as well as in India have changed significantly and issues related to food quality and food safety have gained tremendous importance.

**14.** Assurance that food is acceptable for human consumption is termed as ________ . *1*

(a) Food Safety (b) Food Standard

(c) Food Intoxication (d) Food Value

**15.** Which reasons are ***not*** helpful for increased availability of processed foods in the market ? *1*

(i) Large per capita income

(ii) Adulteration

(iii) Decreased consumer demand

(iv) High mortality rate

(v) Advancement in food technology

Choose the correct option :

(a) (i), (ii), (iv) (b) (ii), (iii), (v)

(c) (i), (iii), (v) (d) (ii), (iii), (iv)

**16.** भारत सरकार ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम (एफ.एस.एस.ए.) किस वर्ष में लागू किया था ? *1*

(a) 1974 (b) 2006

(c) 1984 (d) 2018

**17.** खाद्य संक्रमण निम्न में से किन कारणों से उत्पन्न होता है ? *1*

(i) अपर्याप्त पाक क्रिया

(ii) पार-संदूषण

(iii) बार-बार साबुन से हाथ धोना

(iv) कच्चे मांस को साफ़ तख्ते पर काटना

(v) भोजन बिना ढके बाहर रखना

सही विकल्प चुनिए :

(a) (i), (ii), (iii) (b) (ii), (iii), (v)

(c) (iii), (iv), (v) (d) (i), (ii), (v)

**18.** निम्नलिखित में से कौन-से भोजन के भौतिक संकट ***नहीं*** हैं ? *1*

(a) खमीर और फफूँदी (b) तना और बीज

(c) बाल और पंख (d) कील और बोल्ट

## खण्ड ख

**19.** किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के किन्हीं चार संवर्गों की सूची बनाइए । *2*

**20.** एफ.एस.एस.ए.आई के अनुसार पोषण औषध क्या हैं ? कोई एक उदाहरण दीजिए । *2*

**21.** (क) 'किसी संगठन की उत्पादकता में सुधार लाने में सुकार्यिकी की महत्त्वपूर्ण भूमिका है ।' सुकार्यिकी के चार लाभ देकर इस कथन का समर्थन कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) जीवन और कार्य में संतुलन प्राप्त करना सरल नहीं है । इस संदर्भ में कार्यस्थल पर आवश्यक कोई चार प्रक्रिया कौशल (सॉफ्ट स्किल्स) बताइए । *2*

16. In which year did the Government of India enact the Food Safety and Standards Act (FSSA) ? *1*

(a) 1974 (b) 2006

(c) 1984 (d) 2018

17. Food infection/food poisoning results which of the following reasons ? *1*

(i) Inadequate cooking

(ii) Cross-contamination

(iii) Washing hands with soap frequently

(iv) Cutting raw meat on a clean chopping board

(v) Keeping food uncovered outside

Choose the correct option :

(a) (i), (ii), (iii) (b) (ii), (iii), (v)

(c) (iii), (iv), (v) (d) (i), (ii), (v)

18. Which of the following are ***not*** physical hazards in food ? *1*

(a) Yeast and mould (b) Stems and seeds

(c) Hair and feathers (d) Nails and bolts

## Section B

19. List any four categories of children who are in need of care and protection under Juvenile Justice Act. *2*

20. What are nutraceuticals according to FSSAI ? Give any one example. *2*

21. (a) 'The role of ergonomics is important in improving the productivity of an organisation.' Support this statement by giving four benefits of ergonomics. *2*

**OR**

(b) The balance between life and work is not easy to achieve. Name any four essential soft skills required at the workplace in this context. *2*

**22.** (क) (i) आपकी बहन गर्भवती है । उसे गर्भावस्था में आयोडीन की कमी के कारण भ्रूण पर होने वाले दो प्रतिकूल प्रभावों से अवगत कराइए ।

(ii) आयोडिन की कमी से होने वाले रोग का नाम लिखिए । *2*

**अथवा**

(ख) (i) सुघना एक किसान है । उसकी अस्सी-वर्षीय माँ बीमार हैं । स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के लिए गाँव में वह उन्हें कहाँ लेकर जाएगा ? स्वास्थ्य देखभाल के इस स्तर की पहचान कीजिए ।

(ii) भारत में उपलब्ध दो अन्य स्वास्थ्य देखभाल के स्तर बताइए । *2*

**23.** (क) पहला भारतीय उपग्रह जिसे केवल शिक्षा के क्षेत्र की सेवा के लिए निर्मित किया गया, का नाम बताइए । *2*

**अथवा**

(ख) इसका प्रमोचन कब किया गया था ? *2*

**24.** (क) अर्ध-विकार्य और अविकार्य पदार्थों में अंतर दीजिए । प्रत्येक प्रकार का एक उदाहरण दीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) (i) 'खाद्य प्रौद्योगिकी' शब्द से आप क्या समझते हैं ?

(ii) केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी शोध संस्थान (सी.एफ.टी.आर.आई.) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ? *2*

**25.** अरुण ने एक ड्राईक्लीन की दुकान पर कार्य करना प्रारंभ किया है । उसे समझाइए कि व्यावसायिक धुलाई-घरों में वस्तुओं का रिकॉर्ड कैसे रखा जाता है । *2*

**26.** (क) आपकी बड़ी बहन प्रारंभिक बाल्यावस्था व्यावसायिक बनना चाहती हैं । इस क्षेत्र में आवश्यक दो शैक्षिक योग्यताओं तथा ई.सी.सी.ई. के कोई चार जीविका के अवसरों का उन्हें सुझाव दीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) अमित अपने नए खोले गए विद्यालय-पूर्व केन्द्र के लिए ई.सी.सी.ई. व्यावसायिकों की भर्ती कर रहा है । उनका चयन करते समय उनमें कौन-से छ: कौशलों को देखना चाहिए ? *3*

**27.** (क) नीरू हाथ से कशीदाकारी करने में निपुण है । इस कौशल को वह वस्त्रों में महत्त्व लाने के लिए कैसे प्रयोग कर सकती है ? दो उदाहरण दीजिए ।

(ख) ग्रे/धूसर पैमाना से आप क्या समझते हैं ? *2+1=3*

22. (a) (i) Your sister is pregnant. Explain to her two adverse effects due to iodine deficiency on the foetus.

(ii) Name the disease caused due to the deficiency of iodine. *2*

**OR**

(b) (i) Sughna is a farmer. His eighty-year-old mother is unwell. Where will he take her for getting health care facilities in his village ? Identify this level of health care.

(ii) Mention two other health care levels available in India. *2*

23. (a) Name the first Indian satellite built exclusively to serve the educational sector. *2*

**OR**

(b) When was it launched ? *2*

24. (a) Differentiate between semi-perishable and non-perishable foods. Give one example of each type. *2*

**OR**

(b) (i) What do you understand by the term 'Food Technology' ?

(ii) Where are the headquarters of Central Food Technological Research Institute (CFTRI) located ? *2*

25. Arun has started working in a dry-clean shop. Explain to him how record of articles is maintained in commercial laundries. *2*

26. (a) Your elder sister wants to become an ECCE Professional. Guide her regarding two educational qualifications and any four career options of ECCE. *3*

**OR**

(b) Amit is hiring ECCE professionals for his newly opened pre-school. Which six skills should he look for in them while making their selection ? *3*

27. (a) Neeru is very good at doing hand embroidery. How will she use this skill to create emphasis in garments ? Give two examples.

(b) What do you understand by Grey scale ? *2+1=3*

**28.** (क) 'आतिथ्य उद्योग में युवा कार्यबल के मुख्य भाग होते हैं ।' इस कथन के समर्थन में अपने उत्तर की पुष्टि चार कारण देकर कीजिए ।

(ख) किन्हीं दो प्रकार के प्रतिष्ठानों के नाम बताइए जो आतिथ्य सेवाएँ प्रदान करते हैं । *2+1=3*

**29.** निम्न में प्रत्येक के कोई दो उदाहरण दीजिए - *3*

(क) खाद्य प्रबलीकरण / पुष्टीकरण

(ख) खाद्य व्युत्पन्न

(ग) संरक्षित खाद्य

**खण्ड ग**

**30.** (क) (i) आपके विद्यालय में 'विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है, जिसमें आपको विद्यार्थियों को उपभोक्ता शिक्षण और संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना है । इस क्षेत्र में उपलब्ध तीन जीविका के अवसरों की सूची बनाइए ।

(ii) उपभोक्ता अध्ययन के क्षेत्र में सफल होने के लिए कौन-से दो कौशल आवश्यक हैं ? *3+1=4*

**अथवा**

(ख) (i) 'वस्तुओं को खरीदते समय तथा सेवाओं का उपभोग करते समय उपभोक्ता अनेक समस्याओं का सामना करते हैं ।' कोई तीन उपभोक्ता समस्याएँ बताइए ।

(ii) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 किस वर्ष में बदला गया ? *3+1=4*

**31.** कमला का दो-वर्षीय शिशु कुपोषित है ।

(क) (i) 'बौनापन' और 'क्षयकारी' में अंतर पहचानने में उसकी सहायता कीजिए ।

(ii) कुपोषण कम करने के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए कोई दो हस्तक्षेपों/कार्यनीतियों के विषय में उसे जागरूक कीजिए । *2+2=4*

**अथवा**

(ख) आपका भाई नैदानिक पोषण और आहारिकी में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहता है ।

(i) एक नैदानिक पोषण विशेषज्ञ में आवश्यक कोई चार ज्ञान और कौशल बताकर उसका मार्गदर्शन कीजिए ।

(ii) उसे इस क्षेत्र में उपलब्ध जीविका के कोई चार अवसरों का सुझाव दीजिए । *2+2=4*

**28.** (a) 'Youth form a major part of workforce in hospitality industry.' Justify the statement by providing four reasons in support of your answer.

(b) Name any two types of establishments which offer hospitality services. *2+1=3*

**29.** Give any two examples of each of the following - *3*

(a) Food fortification

(b) Food derivatives

(c) Preserved foods

## Section C

**30.** (a) (i) An exhibition has to be held in your school on 'World Consumer Rights Day', where you have to motivate students in consumer education and protection. List three career options available in this area.

(ii) Which two skills are essential to be successful in the field of consumer studies ? *3+1=4*

**OR**

(b) (i) 'Consumers face many problems while buying goods and utilising services.' State any three consumer problems.

(ii) In which year was the Consumer Protection Act, 1986 replaced ? *3+1=4*

**31.** Kamla's two-year-old child is malnourished.

(a) (i) Help her to identify the difference between 'stunting' and 'wasting'.

(ii) Make her aware of any two interventions/strategies by the government to reduce malnutrition. *2+2=4*

**OR**

(b) Your brother wants to pursue his higher studies in Clinical Nutrition and Dietetics.

(i) Guide him about any four knowledge and skills required to be a clinical nutritionist.

(ii) Suggest to him any four career opportunities available in this field. *2+2=4*

**32.** (क) लक्षित बाज़ार क्या है ? छ: व्यापारिक अधिकारों का उल्लेख कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) एक फ़ैशन व्यापारी को बाज़ार विभाजन के चार तरीके बताइए । *1×4=4*

**33.** (क) भारत में वृद्धजनों की जनसंख्या में संवेदनशीलता के दो संभावित कारण लिखिए ।

(ख) हमारे देश में वृद्धजनों के लिए चलाए जा रहे तीन कार्यक्रमों की सूची बनाइए । *1+3=4*

**34.** (क) (i) खाद्य संसाधान और प्रौद्योगिकी के विकास में निकोलस ऐप्पर्ट या लुई पाश्चर के योगदान की चर्चा कीजिए ।

(ii) खाद्य-संसाधान और संरक्षण का क्या महत्त्व है ? कोई तीन बिन्दु लिखिए । *2+3=5*

**अथवा**

(ख) (i) खाद्य मानकों के क्षेत्र में किन्हीं दो अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के नाम लिखिए ।

(ii) उत्तम निर्माण पद्धति (जी.एम.पी.) और उत्तम हस्तन पद्धति (जी.एच.पी.) के द्वारा, आहार शृंखला के किसी भी चरण में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता कैसे सुनिश्चित की जा सकती है ? *2+3=5*

**35.** 'फ़ैशन एक चक्र के रूप में बदलता है ।' इस कथन के संदर्भ में फ़ैशन चक्र के पाँच स्तरों को संक्षेप में समझाइए । *1×5=5*

**32.** (a) What is target market ? Mention six merchandising rights. *4*

**OR**

(b) Mention four ways of market segmentation to a fashion merchandiser. *1×4=4*

**33.** (a) Write any two possible reasons for vulnerability in elderly population in India ?

(b) Make a list of three programmes operating in our country for the elderly. *1+3=4*

**34.** (a) (i) Discuss the contribution of Nicolas Appert or Louis Pasteur in the development of Food processing and technology.

(ii) What is the importance of food processing and preservation ? Write any three points. *2+3=5*

**OR**

(b) (i) Name any two international organisations in the area of food standards.

(ii) How can food safety and quality be ensured at any stage of the food chain through Good Manufacturing Practices and Good Handling Practices ? *2+3=5*

**35.** 'Fashion moves in a cycle.' With reference to this statement, briefly explain the five stages of Fashion Cycle. *1×5=5*